# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUET-2022(UG): B.Sc. (Hons.) Psychology

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 28-04-2022**

# सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया जारी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमिनिटिज एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग की ओर से बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले हेतु विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-2022 का आयोजन हो रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि मनोविज्ञान का ज्ञान विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ आत्मसंतुष्टि भी प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से 12वीं के बाद विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 28-04-2022**

## सीयूईटी 2022 : बी.एससी. ऑनर्स मनोविज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया जारी

**महेंद्रगढ़** | हकेवि में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले को आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत विवि के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग की ओर से बी.एससी. (ऑनर्स) मनोविज्ञान में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा मंत्रालय व विवि अनुदान आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिल्ली विवि, जेएलएनवि व हकेंवि सहित केंद्रीय विवियों में दाखिले हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-2022 का आयोजन हो रहा है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि मनोविज्ञान का ज्ञान विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ आत्मसंतुष्टि भी प्रदान करता है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.एन. यादव ने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में जिस तरह से मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त पेशेवरों की मांग बढ़ी है। उसके परिणाम स्वरूप यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को इस क्षेत्र की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराते हुए सुरक्षित भविष्य प्रदान करने में मददगार है। इसमें 30 सीटों के लिए दाखिले किए जा रहे है। जिसके लिए आवेदक का किसी भी संकाय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना आवश्यक है। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 6 मई तक वेबसाइट https://cuet.samarth.ac.in अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 28-04-2022**

# आत्मसंतुष्टि के साथ पाएं मनोविज्ञान के ज्ञान में भविष्य

**2022 सीयूईटी के अंतर्गत बी. एससी. (आनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया जारी**

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के स्कूल आफ ह्यूमिनिटिज एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग की ओर से बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिल्ली विवि, जवाहर लाल नेहरू विवि व हरियाणा केंद्रीय विवि सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए विवि सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-2022 का आयोजन हो रहा है। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि मनोविज्ञान का ज्ञान विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ आत्मसंतुष्टि भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बारहवीं के बाद विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। विवि में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वीएन यादव ने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में जिस तरह से मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त पेशेवरों की मांग बढ़ी है। उसके परिणाम स्वरूप यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को इस क्षेत्र की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराते हुए सुरक्षित भविष्य प्रदान करने में मददगार है। इस पाठ्यक्रम में 30 सीटों के लिए दाखिले किए जा रहे है। आवेदक का किसी भी संकाय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना आवश्यक है। विवि में उपलब्ध इस पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी आगामी 6 मई तक विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 28-04-2022**

# 'मनोविज्ञान के ज्ञान में है सुरक्षित भविष्य'

नारनौल, 27 अप्रैल (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमिनिटिज एंड सोशल साइंसेज के तहत मनोविज्ञान विभाग की ओर से बी.एससी. (ऑनर्स) मनोविज्ञान में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इस बार डीयू, जेएनयू व हकेंवि सहित केंद्रीय विवि में दाखिले हेतु सीयूईटी 2022 हो रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि मनोविज्ञान का ज्ञान विद्यार्थियों को रोजगार,आत्मसंतुष्टि भी देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस तरफ कदम बढ़ा सकते हैं।

दैनिक ट्रिब्यून

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 28-04-2022**

# मनोविज्ञान के ज्ञान में आत्मसंतुष्टि के साथ पाएं शानदार करियर: वीसी

- सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया जारी



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमिनिटिज एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग की ओर से बीएससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले हेतु विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-2022 का आयोजन हो रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर का कहना है कि मनोविज्ञान का ज्ञान विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ आत्मसंतुष्टि भी प्रदान करता है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 28-04-2022**

# मनोविज्ञान के ज्ञान में आत्मसंतुष्टि के साथ पाएं सुरक्षित भविष्य

महेंद्रगढ़, 27 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है।

इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटिज एंड सोशल साइंसेज के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग की ओर से बी.एससी. (ऑनर्स) मनोविज्ञान में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले हेतु विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.यू.ई.टी.)-2022 का आयोजन हो रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि मनोविज्ञान का ज्ञान विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ आत्मसंतुष्टि भी प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से 12वीं के बाद विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.एन. यादव ने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में जिस तरह से मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त पेशेवरों की मांग बढ़ी है, उसके परिणाम स्वरूप यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को इस क्षेत्र की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराते हुए सुरक्षित भविष्य प्रदान करने में मददगार है। इस पाठ्यक्रम में 30 सीटों के लिए दाखिले किए जा रहे हैं। जिसके लिए आवेदक का किसी भी संकाय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी 6 मई तक वैबसाइट अथवा विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।